कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक

(कार्य आयोजना एवं वन भू–अभिलेख)
सतपुड़ा भवन, भोपाल (म0प्र0)

Tel. (0755) 2674230 (O), 2674213(R), Fax-2674230
E-mail-pccf.wp.mp@gmail.com

पृ.क्रं.-	
पिछला	अगला

क्रमांक/व.भू.अ./ 394. भोपाल, दिनांक 31-5-10.

प्रति,

1. प्रबंध संचालक म.प्र. राज्य लघु वनोपज संघ
2. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी)
3. प्रबंध संचालक म.प्र. राज्य वन विकास निगम
4. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक संयुक्त वन प्रबंधन/ विकास/ वित्त बजट/संरक्षण
5. मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय) जबलपुर/बैतूल/छिन्दवाड़ा/इंदौर/ शहडोल/ रीवा

विषय :– **National Committee to study the Implementation of the "The Scheduled Tribes and Other Traditional Forest Dwellers (Recognition of Forest Rights) Act, 2006" - Reg.**

संदर्भ :– पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार का पत्र क्रमांक 22–1/2006/ Edu/ ICFRE दिनांक 28 अप्रेल 2010 एवं सचिव, जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत शासन का मुख्य सचिव को सम्बोधित अर्द्ध शासकीय पत्र क्रमांक D.O.No. 23011/24/2009-FRA दिनांक 04 मई 2010.

अ.प्र.मु.व.सं. (संरक्षण) म.प्र. भोपाल

विषयान्तर्गत भारत शासन द्वारा वन अधिकार अधिनियम 2006 के कियान्वयन का अध्ययन करने के लिए पयावरण एवं वन मंत्रालय तथा जनजतीय कार्य मंत्रालय भारत शासन की एक संयुक्त समिति का गठन किया गया है। समिति के सदस्यों एवं टी.ओ.आर. की प्रतिलिपि संलग्न है। वन अधिकार अधिनियम 2006 के लागू होने से वन विभाग के उत्तरदायित्व एवं भावी कार्यशैली पर काफी प्रभाव पडने की संभावना है। इस संबंध में एक पत्र तत्कालीन प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा केंद्र शासन को लेख कर उन्हें इन संभावित प्रभावों से अवगत करवाया गया था। (छायप्रति संलग्न) विषयांकित समिति के टी.ओ.आर. कमांक 2, 3 एवं 7 भी इन्हीं संभावनाओं को इंगित करते हैं। विभाग द्वारा इस संबंध में समिति को सुझाव शीघ्र–अतिशीघ्र प्रस्तुत किया जाना

है। इस संबंध में दिनांक 11.6.2010 को अपरान्ह 03.30 बजे मध्य प्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के सभा कक्ष में एक बैठक आयोजित की गई है। कृपया उक्त बैठक में पूर्ण तैयारी के साथ उपस्थित होने का कष्ट करें।

इस संबंध में सचिव, जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत शासन का मुख्य सचिव को सम्बोधित अर्द्ध शासकीय पत्र क्रमांक D.O.No. 23011/24/2009-FRA दिनांक 04 मई 2010 एवं विभिन्न प्रांतो में वन अधिकार अधिनियम, 2006 के क्रियान्वयन की स्थिति दर्शाने वाला अनुलग्नक भी संलग्न है। कृपया बैठक से पूर्व इस पत्र एवं अनुलग्नक का भी अवलोकन करने का कष्ट करें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार प्रपत्र।

(डॉ0एच.एस.पाबला)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(कार्य आयोजना एवं वन भू–अभिलेख)
मध्यप्रदेश

पृ0 कमांक / व.भू.अ. / भोपाल, दिनांक

प्रतिलिपि :– प्रधान मुख्य वन संरक्षक म.प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(कार्य आयोजना एवं वन भू–अभिलेख)
मध्यप्रदेश